केस स्टडी-10/2025

जारी तिथि : 01.04.2025

लोको फेल्योर

घटनाक्रम:- दिनांक 28.03.25 को मध्य रेल्वे के पूना मंडल में ट्रेन नंबर 12124 एक्सप्रेस, लोड -16 बोगी, लोको नं 21932/WCAM-3/KYN के साथ पुणे स्टेशन के PF No.- 4 स्टार्टर से गुजरने के बाद गाड़ी रुक गई क्योंकि लोको में प्रथम नॉच ऑटो रिग्रेशन की समस्या आ रही थी। तुरंत शेड स्टाफ और लॉबी ड्यूटी पर मौजूद CLI पहुंचे और पाया कि पिछले कैब का BLचाबी को ठीक से लॉक नहीं किया गया था। BL चाबी को प्रॉपर लॉक करने के बाद, समस्या का निवारण हुआ और गाड़ी चली गई। जिसकी वजह से 2 और अन्य गाडियों की समयपालन में हानि हुई।

संभावित कारण:-

- ✓ कर्मीदल द्वारा कैब बदलते समय, BL चाबी को सही ढंग से लॉक किये बिना स्लॉट से निकाल लेना।
- ✓ प्रथम नॉच ऑटो रिग्रेशन की ट्रबल का अनुभव करने के बाद भी उसका निवारण करने में विफल रहना।

उपरोक्त घटना से सबक:- **ऐसी विफलताओं से बचने हेतु कर्मीदल को निम्न निर्देश जरी किये जाते हैं :-**

- ❖ कैब बदलते समय, BL कुंजी को BL के स्लॉट में डालते समय एक हाथ को BL कुंजी के हैंडल पर रखें और दूसरे हाथ से BL कुंजी के सिर (head) को दबाएँ, फिर अनलॉक से लॉक की ओर घुमाएँ।
- ❖ उसी प्रकार BL कुंजी को लॉक से अनलॉक करने के लिए इसके विपरीत प्रक्रिया को दोहराएं।
- ❖ लॉक करने के बाद **पायलट सिग्नलिंग लैंप को बुझाना** और अनलॉक करने के बाद **पायलट सिग्नलिंग लैंप को जलना** सुनिश्चित करें (बैटरी ऑन होना चाहिए)।
- ❖ FDCS लोको में, BL कुंजी को लॉक करने के बाद भी, LSDBR लैंप चमकता रहेगा क्योंकि फ़ीड सीधे CTF से दी गई है।

Video

नोट : 1. यदि सफलता न मिले तो Q-118 रिले को इनरजाइज अवस्था में वेज करें तथा सावधानी पूर्वक EEC से कार्य करें

2. जिस लोको में MP व EEC एक साथ कार्य करते हो उसमें GR का मैन्युअल कण्ट्रोल लेकर (30 Kmph) या पिछले कैब (40 Kmph) से सेक्शन क्लियर करें।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

नोट: केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।